• मंदिर...

## तिरुपति बाला जी

भारत में बहुत से प्राचीन मंदिर हैं। जिनमें से कुछ मंदिर ऐसे है जो अपने रहस्यों के चलते जाने जाते हैं। वहीं कुछ मंदिर ऐसे जो अपनी अनोखी परंपरा के चलते दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। उनमे से एक तिरुपति बाला जी मंदिर है। जहां सिर्फ देश नहीं बल्कि विदेशों मे बहुत से लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। इसलिए तिरुपति बालाजी मंदिर की गिनती देश के सबसे अधिक धनवान मंदिरों में की जाती है, क्योंकि यहां श्रद्धालु हर साल अपनी श्रद्धा के अनुसार कई करोड़ का चढ़ावा चढ़ाते हैं, जिसमे रुपए, पैसे और सोने का दान किया जाता है. इसके अलावा यहां लोग अपने बाल भी दान करते हैं. मान्यता है कि इस मंदिर में बालों का दान करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं।

तिरुपति बालाजी का यह प्रसिद्ध मंदिर श्री वेंकटेश्वर स्वामी यानी भगवान विष्णु को समर्पित है। इस मंदिर में श्री वेंकटेश्वर अपनी पत्नी पद्मावती के साथ तिरुमला में निवास करते हैं। इस



खूबसूरत मंदिर भारतीय वास्तु कला और शिल्प कला का उत्कृष्ट नमूना है। यह मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला पर्वत पर स्थित है।

पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन काल में एक बार भगवान बालाजी की मूर्ती पर ढेरों चीटियों का एक पहाड़ बन गया था। जिस पर हर दिन एक गाय आकर दूध देकर चली जाती थी। जब गाय के मालिक को यह पता चला तो, वो नाराज हो गया और कुल्हाड़ी से गाय का वध कर दिया। इससे बालाजी के सिर चोट लग गई और उनके सिर के बाल गिर गए। इसके बाद भगवान तिरुपति बालाजी की मां नीला देवी ने अपने बाल काट दिए और बालाजी के सिर पर रख दिए। ऐसे भगवान के सिर का घाव बिल्कुल ठीक हो गया।

जिसके बाद भगवान ने प्रसन्न होकर कहा कि बाल शरीर की सुंदरता को ब ?ाते हैं, लेकिन आपने मेरे लिए बालों का त्याग कर दिया. आज से जो भी मेरे लिए अपने बालों का त्याग करेगा, उनकी हर इच्छा पूरी होगी। तब से भक्त अपने बालों को तिरुपति बालाजी मंदिर में अपने बालों का दान कर रहे हैं। इस मंदिर के पास नीलादरी हिल्स है, जहां पर नीला देवी का भी मंदिर है।

• ज्योतिष...

## पति के लिए लकी...



ज्योतिष शास्त्र कहता है कि किसी भी व्यक्ति के बारे में उसकी राशि देखकर बताया जा सकता है। साथ ही उसके भविष्य और शादी को लेकर भी बहुत कुछ अनुमान लगाया जा सकता है। व्यक्ति की राशि देखकर ये अनुमान लगाया जा सकता है कि उसकी शादी कब होगी। साथ ही शादी से जुड़े अन्य सवालों के जवाब भी मिल सकते हैं। दरअसल, हर एक पुरुष अपनी पत्नी में विशेष गुण चाहता है।

हर व्यक्ति चाहता है कि उसकी पत्नी उसके लिए लकी साबित हो और शादी के बाद जीवन में शुभ परिणाम नजर आएं। ज्योतिष शास्त्र में कुछ ऐसी राशियां हैं, जिन राशियों की लड़कियां अपने पति के लिए काफी लकी साबित होती हैं। इन राशियों की लड़कियां अपने पति की एक अच्छी लाइफ पार्टनर बनती हैं। इनके घर में आने से सुख-समृद्धि का आगमन होता है। आइए ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जानते हैं इन राशियों की लड़कियों के बारे में जो पति के घर आने के बाद उसे दौलतमंद बना देती हैं।

मीन राशि की लड़कियां रोमांटिक होती हैं। साथ ही ये इमोशनल भी खूब होती हैं। ये अपने सपनों को अच्छी तरह से जीती हैं। ये अपने पार्टनर का सदा साथ निभाती हैं। इनके अंदर एक बिजनस वुमेन छिपी होती है, जो धन का विशेष ध्यान रखती है। इनके विचार अनोखे होते हैं।

कुंभ राशि की लड़कियां आत्मविश्वास से भरी होती हैं। इनके दिल में हमेशा औरों से कुछ अलग करने की चाहत होती है। ये उसमें सफलता भी प्राप्त करती हैं। ये हमेशा दूसरों की सहायता के लिए आगे खड़ी रहती हैं। ये अपने पार्टनर से बहुत प्यार करती हैं और जब भी इनका पार्टनर फाइनेंस से जुड़ा कोई फैसला करता है, तो ये उसमें पार्टनर की मदद करती हैं।

सिंह राशि की लड़कियों में बहुत स्वाभिमान और आत्मविश्वास होता है। ये साफ-साफ अपनी बातें कह दिया करती हैं। इसी आदत की वजह से ये ससुराल में ये सबकी सबकी फेवरेट बन जाती हैं। इनके अंदर नेतृत्व क्षमता होती है। साथ ही ये अपने पति हर इच्छा पूरी करने में उनकी सहायता करती हैं।

कर्क राशि की लड़कियां बहुत खयाल रखने वाली मानी जाती है। ये अपने पति से काफी प्रेम करती हैं। इन्हें पैसों का प्रबंधन कराना बहुत ही अच्छी तरह से आता है। ऐसे में ये अपार धन दौलत के साथ अपने पति को सफल बनाती हैं।

वृषभ राशि की लड़कियां बहुत ही जिम्मेदार होती हैं. ये वित्तीय मामलों में काफी पकड़ रखती हैं. ये पैसों को संभालने की कला में काफी माहिर होती हैं। ऐसे में इनका घर सुख-समृद्धि से भरा रहता है।



## खरमास में जरूर करें ये काम

**खरमास की अवधि में पीतल अथवा स्टील के बर्तनों का दान करना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसा करने से पारिवारिक कल की स्थिति से छुटकारा प्राप्त होता है और जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। इसके अलावा खरमास के दौरान गरीब असहाय की मदद भी करनी चाहिए. ऐसा करने से जीवन में अच्छे परिणाम भी देखने को मिलते हैं। खरमास की अवधि में गर्म कपड़े, कंबल आदि का दान करना बेहद शुभ माना जाता है...**

हिंदू पंचांग के अनुसार 15 दिसंबर से साल 2024 का अंतिम खरमास शुरू हो गया है। जिसका समापन 14 जनवरी को होगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार खरमास के दौरान कोई भी शुभ अथवा मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। खरमास के एक महीने तक सभी तरह की शुभ कार्य करने की मनाही होती है। क्योंकि यह माना जाता है कि इस अवधि में सूर्य देव की ऊर्जा की प्रभावशीलता कम हो जाती है, जिससे किसी भी शुभ कार्य का अच्छा परिणाम नहीं प्राप्त होता। खरमास में दान पुण्य करने का विशेष महत्व बताया गया है। ऐसे में यदि आप इस अवधि में गरीब जरूरतमंद लोगों को दान पुण्य करते हैं, तो ऐसा करने से जीवन में अच्छे परिणाम मिलते हैं।

- खरमास की अवधि में पीतल अथवा स्टील के बर्तनों का दान करना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसा करने से पारिवारिक कल की स्थिति से छुटकारा प्राप्त होता है और जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। इसके अलावा खरमास के दौरान गरीब असहाय की मदद भी करनी चाहिए. ऐसा करने से जीवन में अच्छे परिणाम भी देखने को मिलते हैं। खरमास की अवधि में गर्म कपड़े, कंबल आदि का दान करना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसा करने से माता लक्ष्मी की विशेष कृपा भी प्राप्त होती है। इसके अलावा खरमास के दौरान केसर का दान करना चाहिए।
- खरमास के समय में गुरु का प्रभाव जीरो हो जाता है। इसी कारण इस समय में मांगलिक काम रोक दिए जाते हैं। हालांकि ज्योतिषियों के अनुसार, जिन जातकों की कुंडली में गुरु ग्रह मजबूत होते हैं, वो करियर में अपने मनमुताबिक सफलता प्राप्त करते हैं। हिंदू धर्म शास्त्र और ज्योतिष शास्त्र में खरमास के दौरान कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं, जिन्हें करने से करियर में सफलता की संभावना बढ़ जाती है। अगर आप करियर में सफलता की चाह रखते हैं, तो खरमास ये उपाय जरूर करें।
- खरमास के समय में रोजाना स्नान करके कुमकुम मिश्रित जल भगवान सूर्य को देना चाहिए। ऐसा करने से कुंडली में सूर्य मजबूत होता है।
- इस समय मूंगफली, गुड़, शकरकंद, गर्म कपड़े और गेहूं आदि का दान करना बहुत ही शुभ माना जाता है। ऐसा करने से भगवान सूर्य की कृपा प्राप्त होती है।
- अगर नौकरी की तलाश है, तो इस समय में रोज भगवान सूर्य को जल दें और उनके मंत्रों का जप करें। ऐसा करने से करियर में नए अवसर मिलने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।
- इस समय रोज शाम को माता तुलसी की आरती करनी चाहिए। घर की चौखट पर भी एक दिया रखना चाहिए। ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है।
- खरमास के समय शुभ काम नहीं किया जाता। खरमास के पूजा-पाठ में मन लगाना चाहिए. इस दौरान में मन में क्रोध या लोभ नहीं आना चाहिए। इस दौरान मन को शांत रखने की कोशिश करनी चाहिए. साथ ही जरूरतमंदों को दान अवश्य देना चाहिए।
- अगर आपको वैवाहिक जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, या फिर प्रेम जीवन ठीक नहीं चल रहा, तो खरमास में गुरुवार या शुक्रवार के दिन आपको एक आसान सा उपाय करना है। आपको मिट्टी के एक दीये में कपूर के दो टुकड़े जलाने हैं और इसका धुआं पूरे घर में फैलाना है। ऐसा करने से घर में मौजूद नकारात्मकता दूर होती है और साथ ही वैवाहिक जीवन में आपको अच्छे परिणाम मिलने लग जाते हैं। पति-पत्नी के बीच में आ रहे मतभेद भी इस उपाय को करने से दूर होते हैं। हालांकि, पति-पत्नी को मिलकर इस उपाय को करना चाहिए।
- तुलसी को हिंदू धर्म में बेहद पवित्र माना गया है। खरमास के दौरान भी आपको तुलसी की पूजा अवश्य करनी चाहिए और साथ ही 'ऊं नमो भगवते वासुदेवाय नमः' मंत्र का जप करना चाहिए। इस आसान से उपाय को करने से आपको खरमास के दौरान बेहद अच्छे परिमाम मिल सकते हैं। ऐसा करना आर्थिक रूप से आपको संपन्न बनाता है, साथ ही परिवार में खुशियां आती हैं। यह उपाय वैवाहिक और प्रेम जीवन की परेशानियों को दूर करने वाला भी माना गया है।

■ पं. कुलदीप शास्त्री

• पूजा...

## मां लक्ष्मी



हिंदू धर्म शास्त्रों में शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी के पूजन और व्रत के साथ-साथ कुछ विशेष उपाय भी बताए गए हैं। इन उपायों को करने से आर्थिक परेशानियां दूर हो जाती हैं। साथ ही धन-धान्य में बढ़ोतरी भी होती है। अगर आप भी अपनी आर्थिक समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो शुक्रवार को मां लक्ष्मी का पूजन और व्रत करें। मां को प्रसन्न करने के लिए पूजा के समय उनको नारियल अवश्य चढ़ाना चाहिए। मां को नारियरल अत्यंत प्रिय है। पूजा के बाद नारियल को कपड़े में बांधकर तिजोरी में रख देना चाहिए। शुक्रवार को मां लक्ष्मी की पूजा के समय उन्हें सात कौड़ियां चढ़ानी चाहिए। फिर लक्ष्मी मंत्र का पाठ करके कौड़ियों को तिजोरी में रख देना चाहिए। ऐसा करने से धन-धान्य में बढ़ोतरी होती है। शुक्रवार को लक्ष्मी नारायण को तुसली की मंजरी अर्पित करनी चाहिए। पूजा के समय धनदा लक्ष्मी स्तोत्र का पाठ करना शुभ होता है। पूजा के बाद तुलसी की मंजरी को लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी में रख देना चाहिए। माना जाता है इस उपाय से आर्थिक परेशानियां दूर होती हैं।

• दान-पुण्य करें...



**गरीबों और जरुरतमंदों की मदद करने वालों पर शनि देव की विशेष कृपा रहती है। अगर आप भी शनि देव की कृपा चाहते हैं तो आपको भी दान पुण्य करते रहना चाहिए। शनि देव की कृपा के पात्र बनने के लिए जरुरतमंदों को काले चने, काले तिल, उड़द दाल और स्वच्छ कपड़े सच्चे मन से दान करते रहना चाहिए। शनि मंत्र का जाप करना अत्यंत लाभकारी साबित होता है।**

स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/संपादकः अनल पत्रवाल द्वारा गांव व डाकघर-रजियाणा, तहसील-नगरोटा बगवां, जिला-कांगड़ा-176056, हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित एवं एजीएस पब्लिकेशन्स, डी-67, सेक्टर-6, नोएडा-201301, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित